Bareilly, Tuesday,
8 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

Page No. 06 : Middle

# एसआरएमएस में साइबर हैकाथॉन शुरू

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (7 Sep):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (एसआरएमएस सीईटीआर) में दो दिवसीय साइबर हैकाथॉन का उत्साह और नवाचार के साथ शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम का इनॉग्रेशन एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने फीता खोलकर किया. इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर ज्ञान और तकनीकी विकास का संदेश दिया गया. अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधे भी भेंट किए गए. देव मूर्ति ने डिजिटल युग में साइबर और डिजिटल सुरक्षा की बढ़ती जरूरत पर प्रकाश डाला. हैकाथॉन में देशभर से 50 टीमों ने हिस्सा लिया. इनमें बरेली समेत विभिन्न शहरों की टीमें शामिल हैं. आयोजन में प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, तकनीकी नवाचार और समस्या समाधान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा. इस दौरान ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर ई. सुभाष मेहरा, एसआरएमएस सीईटी के प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता, एसआरएमएस आईएमएस के प्राचार्य डॉ. एमएस बुटोला, एसआरएमएस सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना समेत विभिन्न संस्थानों के प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे. संचालन सहायक प्रोफेसर अनामिका ने किया.



दो दिवसीय साइबर हैकाथॉन का फीता खोलकर किया इनॉग्रेशन.